म०प्र० कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं.: 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा–2023

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	:	02.07.2023 से 06.07.2023 तक
परीक्षा परिणाम तिथि	:	20 फरवरी 2024

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा–2023 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 02.07.2023 से 06.07.2023 तक उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा–2023 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन म.प्र. के 8 शहरों (भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रतलाम, सागर, सतना, एवं उज्जैन) में किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त 47854 (विषयवार कुल संख्या 49290) मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे। उक्त परीक्षा में कुल 46366 अभ्यर्थी उपस्थित रहें, एव 2924 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।
2. ऑनलाईन परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर नियमपुस्तिका के नियम क्रमांक 3.8 के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. परीक्षा संबंधी नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमों के प्रकाश में परिणाम जारी किया जा रहा है।
4. नियमानुसार निःशक्तजन संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग/ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी निःशक्तजन संवर्ग के अंतर्गत अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित मेरिट के आधार पर प्राप्त हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग/ओपन के निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं विकलांग संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गई है।
5. माननीय उच्च न्यायालय की रिट पिटीशन–18105/2021 में दिनांक 04 अगस्त, 2023 में पारित अंतरिम आदेश के दृष्टिगत अवर सचिव मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ–07–37/2021/आ.प्र/एक भोपाल, दिनांक 27 जनवरी, 2024 में दिये गये दिशानिर्देशो अनुसार 87 प्रतिशत पदों पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना है तथा 13 प्रतिशत पदों हेतु परीक्षा परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने तक रोका गया है। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत संबधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गये 13 प्रतिशत पद के परीक्षा परिणाम के संबंध में कार्यवाही की जायेगी। न्यायालयीन प्रकरणों से संबंधित आवेदकों के परिणाम रोके गये है। उक्त परिणाम मान. न्यायालय के आदेश के अधीन रहेंगे।
6. परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम, उत्तर पुस्तिका, टॉप 10, अंकों की सूची, मेरिट की पी.डी.एफ एवं कटऑफ, कुंजी समिति की अनुशंसा प्राप्त कर सकते है।
7. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

भोपाल,
दिनांक : 20 फरवरी 2024

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल